हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, गुरुवार 21 मई 2026

तापमान
अधिकतम 43 डिग्री
न्यूनतम 29 डिग्री

13 जिले की सड़कों पर दौड़ने लगे हाईटेक डायल-112 ईआरवी ...



14 ऑनलाइन दवा बिक्री के विरोध में जिलेभर के मेडिकल ...





टोपी चश्मा लगाकर सुबह-शाम निकले प्रगणक, काम हुआ कम्पलीट

# मई की तेज गर्मी भी नहीं रोक पाई जनगणना के काम को

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

मई की तपती दोपहरी में तापमान 45 डिग्री तक पहुंच गया है। इस बीच प्रगणकों ने घर -घर पहुंचकर जनगणना की। इसी का परिणाम है कि जनगणना के पहले चरण का काम टाइम लिमिट से पहले खत्म हो चुका है। प्रगणकों ने बंद पड़े और ताला लगे मकानों को भी नहीं छोड़ा है। मकान मालिकों से मोबाइल से जानकारी लेकर जनगणना को आगे बढ़ाया गया है।

मई माह में सुबह से ही धूप तेज हो रही है। 10 बजे से गर्मी बेतहाशा बढ़ जाती है। इसी भयावह गर्मी में प्रगणकों ने अपना काम किया। सुबह-सुबह हाथों में मोबाइल और दस्तावेज लिए प्रगणक घरों में पहुंच जाते थे। इस बार जनगणना मोबाइल एप के माध्यम से ऑनलाइन की जा रही है। कई प्रगणकों को मोबाइल चलाने में दिक्कत हो रही थी, ऐसे में वे परिजनों की मदद से जनगणना के पहले चरण को कम्पलीट किया। अब नजरी नक्शा बनाने में जुटे हुए हैं।



### धूप से बचने मिली टोपी

जनगणना के कार्य में लगे कर्मचारियों के लिए एडवाइजरी जारी करते हुए उन्हें धूप में जनगणना कार्य से बचने की सलाह दी गई थी। कर्मचारियों ने सुबह और शाम इस कार्य को किया। दिन में रोजाना 4 से 5 घंटे भी वे जनगणना कार्य करते थे, जिसके फलस्वरूप निर्धारित समय सीमा से पहले काम कम्पलीट कर लिया गया है। जिला प्रशासन ने धूप से सुरक्षा के लिए कर्मचारियों को टोपी सहित अन्य सुविधाएं भी मुहैया कराई थीं।

### शत-प्रतिशत हुआ पहले चरण का काम

जनगणना का काम शत-प्रतिशत हो चुका है। नजरी नक्शा जमा करने के लिए 30 जून तक समय दिया गया है। जनगणना कार्य में कर्मचारियों ने अच्छा सहयोग दिया है।

**- मनोज मरकाम,**
*डिप्टी कलेक्टर*

### कई मकानों में ताले सूचीकरण की समस्या

गर्मी छुट्टी के चलते जिले में कई मकान बंद पड़े हुए हैं, दरवाजों पर ताले लटक रहे हैं। आस-पड़ोस से मोबाइल नम्बर जुगाड़कर प्रगणकों ने जानकारी जुटाई। कई मकान मालिकों का न तो पता मिला है और न ही मोबाइल नम्बर। ऐसे में इन मकानों का सूचीबद्ध करना प्रगणकों के लिए एक चुनौती थी। उधर प्रशासन ने स्पष्ट कर दिया था कि बंद पड़े मकानों का भी सूचीकरण हर हाल में किया जाए, ताकि जिले का कोई भी मकान जनगणना से छूटे। जिन मकानों में जानकारी देने वाला कोई नहीं मिलता, तो उन मकानों की अलग सूची तैयार की जाएगी, ताकि परिवार के लौटने पर मोबाइल ऐप के अपडेट विकल्प के जरिए पूरी जानकारी दर्ज की जा सके।

# खरीफ सीजन से पहले किसानों को राहत, बिना टोकन मिलेगी खाद

- प्रशासन ने बढ़ाई खाद की उपलब्धता, कालाबाजारी पर रहेगी सख्त नजर

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

खरीफ सीजन की तैयारी कर रहे किसानों के लिए राहत भरी खबर है। जिले में किसानों को अब खाद वितरण के लिए टोकन व्यवस्था की प्रक्रिया से नहीं गुजरना पड़ेगा। प्रशासन द्वारा उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करते हुए वितरण व्यवस्था को सरल एवं पारदर्शी बनाया गया है।



उप संचालक कृषि कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार किसानों को उनके रकबे एवं आवश्यकता के अनुरूप यूरिया, डीएपी तथा सुपर फास्फेट खाद उपलब्ध कराई जाएगी। कृषि विभाग ने बताया कि जिले की 96 सहकारी समितियों में कुल 37 हजार 238 मीट्रिक टन उर्वरक का भंडारण किया गया है तथा वितरण प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए खाद वितरण की सतत मॉनिटरिंग की जा रही है।

रात्रि गश्त कर रहे थे जवान, सिहावा चौक के पास हुआ हादसा

# हाईस्पीड पिकअप की टक्कर से प्रधान आरक्षक की मौत, नगर सैनिक घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

नाइट पेट्रोलिंग कर रहे बाइक सवार जवानों को हाईस्पीड पिकअप ने जोरदार टक्कर मार दी। इस घटना में प्रधान आरक्षक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, वहीं नगर सैनिक गंभीर रूप से घायल हो गया है।

मिली जानकारी के अनुसार सिटी कोतवाली में पदस्थ हेडकांस्टेबल विजय बैरागी उम्र 30 वर्ष बांसपारा निवासी व नगर सैनिक दिलीप पांडे रामपुर वार्ड निवासी की मंगलवार को नाइट डयूटी लगी थी। इस दौरान प्रधान आरक्षक विजय व सैनिक दिलीप बाइक से रात्रि गश्त पर निकले थे। दोनों बुधवार की सुबह 3.30 बजे बस स्टैंड की तरफ से गश्त करते हुए वापस सिहावा चौक की तरफ लौट रहे थे। बाइक को सैनिक दिलीप चला रहा था। वहीं प्रधान आरक्षक पीछे बैठा हुआ था। बाइक पुरानी मंडी को पारकर संजय आर्ट्स से पहले पहुंची थी। इसी दौरान रायपुर की ओर से आ रही कार्टून से भरी तेज रफ्तार पिकअप ने पेट्रोलिंग कर रहे जवानों की बाइक को पीछे से जोरदार ठोकर मार दी। ठोकर से बाइक चालक सैनिक दाहिने कंधे के बल सड़क पर गिर गया। वहीं प्रधान आरक्षक पिकअप के सामने गिर गया। तेज रफ्तार पिकअप प्रधान आरक्षक को रौंदते हुए आगे निकल गई। इसी बीच हेड कांस्टेबल पिकअप के नीचे फंस गया। पिकअप उसे अपने साथ सड़क पर लगभग 40 फीट तक घसीटते हुए ले गई। दूर तक घसीटने के बाद तब कहीं जाकर पिकअप रूकी। इस घटना में पिकअप के नीचे फंसे प्रधान आरक्षक का पेट व कमर बुरी तरह जख्मी हो गया। हादसे में प्रधान आरक्षक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारी तत्काल मौके पर पहुंच गए। वहीं घायल सैनिक दिलीप को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। प्राथमिक उपचार के बाद घायल सैनिक को रायपुर रिफर कर दिया गया। घायल सैनिक को रायपुर से वापस लाकर ओजस्वी नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई ▶▶ शेष पेज 12 पर







विजय बैरागी
मृतक



घायल दिलीप पांडे

### मृतक पंखाजूर का रहना वाला था

मृतक विजय बैरागी मूल रूप से पंखाजूर क्षेत्र का रहने वाला था। वर्तमान में वह बांसपारा में स्वयं के मकान में परिवार के साथ रह रहा था। वह लंबे समय से पुलिस विभाग में पदस्थ रहकर जिले के विभिन्न थानों में सेवा दे चुका था। वर्तमान में वह सिटी कोतवाली में पदस्थ था।







## खबर संक्षेप

### कमलेश बने जिलाध्यक्ष

**धमतरी।** शासकीय, अर्धशासकीय वाहन चालक संघ एवं यांत्रिकी कर्मचारी संघ के प्रांताध्यक्ष ताराचंद साहू ने आयकर विभाग के वाहन चालक कमलेश सोरी को जिलाध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया है। कमलेश ने कर्मचारियों को भरोसा दिलाया है कि वे संघ के सदस्यों के हित में सदैव कार्य करते रहेंगे।

### समितियों और दुकानों का चक्कर काटने किसान विवश : होमेन्द्र

**अंवरी।** क्षेत्र में किसानों को खाद की पर्याप्त उपलब्धता नहीं होने से खेती-किसानी का कार्य प्रभावित होने लगा है। किसान खाद के लिए



समितियों और दुकानों का चक्कर काटने मजबूर है लेकिन आवश्यकता के अनुरूप खाद नहीं मिलने से किसानों में भारी नाराजगी है। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी भखारा के अध्यक्ष होमेन्द्र साहू ने कहा कि वर्तमान में जिस अनुपात में किसानों को सहकारी समिति खाद उपलब्ध कराई जा रही है, उससे कृषि कार्य सुचारु रूप से कर पाना संभव नहीं है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि जल्द ही किसानों की समस्या का समाधान नहीं किया गया तो कांग्रेस किसानों के हित में आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी।

## निधन

### केशर बाई साहू

**धमतरी।** ग्राम श्यामतराई निवासी केशर बाई साहू 42 वर्ष का



मंगलवार को निधन हो गया। वे बुधारू राम साहू की पत्नी तथा डिगेश कुमार साहू की मां थी। उनकी अंतिम यात्रा में स्वजन व ग्रामीण शामिल हुए।

### लीलाराम साहू

**अमलीडीह(धमतरी)।** ग्राम सौराबांधा निवासी लीलाराम साहू का आकस्मिक निधन 19 मई



मंगलवार को हो गया। वे श्रीमती कुंतीबाई के पति एवं डोमन लाल साहू, सत्यकाम साहू के पिताजी थे। उनका अंतिम संस्कार ग्राम के मुक्तिधाम में किया गया जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणजन व स्वजन सम्मिलित हुए।

### कमलादेवी गुप्ता

**धमतरी।** रत्नाबांधा रोड विवेकानंद वार्ड निवासी श्रीमती कमलादेवी गुप्ता उम्र 90 वर्ष धर्मपत्नी रामप्रसाद गुप्ता का निधन 20 मई की शाम 6



बजे हो गया है। वे स्व.बनवारीलाल महावर, स्व. किशनगोपाल महावर, हरिराम महावर, डा. हीरा महावर, रमेश महावर एवं सतीश महावर की बड़ी बहन थीं। वे अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गई है। वे सुरेश महावर, महेश महावर की माताजी और नितिन महावर, अभिषेक महावर की दादी थीं। उनकी अंतिम यात्रा आज 21 मई को शाम 4 बजे निवास स्थान से शांतिघाट के लिए निकलेगी।

# जनजातीय गरिमा उत्सव 2026 : गांव-गांव पहुंची शासन की योजनाएं

## स्वास्थ्य शिविर, संतृप्ति अभियान और पौधरोपण से जनभागीदारी को मिला नया विस्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जनभागीदारी अभियान एवं जनजातीय गरिमा उत्सव 2026 अंतर्गत जिले के दूरस्थ एवं जनजातीय बहुल ग्रामों में संतृप्ति शिविर, स्वास्थ्य परीक्षण शिविर तथा पौध रोपण अभियान आयोजित किए गए। स्वास्थ्य शिविरों में ग्रामीणों के स्वास्थ्य परीक्षण के साथ बीपी एवं शुगर जांच की गई तथा जरूरतमंद मरीजों को निःशुल्क दवाइयों का वितरण किया गया। आयुष्मान भारत कार्ड निर्माण एवं अद्यतन की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई, जिससे पात्र हितग्राहियों को स्वास्थ्य सुरक्षा योजनाओं से जोड़ने का कार्य किया गया। चिकित्सा दल ने





ग्रामीणों को मौसमी बीमारियों से बचाव, स्वच्छता एवं पोषण संबंधी आवश्यक जानकारी भी दी।

इसी क्रम में एक पेड़ मा के नाम अभियान के तहत ग्रामों में सामूहिक पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान लगाए गए पौधों के संरक्षण एवं नियमित देखभाल का संकल्प भी लिया गया। अधिकारियों ने बताया कि शासन की मंशा के अनुरूप सबसे दूर, सबसे पहले की अवधारणा पर कार्य करते हुए जिले के सभी ग्रामों में 25 मई तक संतृप्ति शिविर लगाए जाएंगे। इन शिविरों के माध्यम से पात्र हितग्राहियों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से शत-प्रतिशत लाभान्वित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

## भड़सिवना के ग्रामीणों ने ग्रामसभा में पूर्ण शराबबंदी का लिया निर्णय

# अवैध शराब बेचने पर 25000 रुपए जुर्माना सूचना देने वाले को मिलेगा 5000 का इनाम





हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

ग्राम पंचायत भड़सिवना में आयोजित ग्रामीण स्तरीय ग्रामसभा की बैठक में गांव के सामाजिक वातावरण को बेहतर बनाने एवं नशामुक्त समाज के निर्माण के उद्देश्य से पूर्ण शराबबंदी लागू करने का ऐतिहासिक निर्णय लिया गया।

ग्राम सभा में निर्णय लिया गया कि गांव में शराब बनाने, बेचने एवं सेवन करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। अवैध शराब के कारोबार में लिप्त पाए जाने वाले व्यक्तियों पर 25000 रुपये तक का आर्थिक दंड लगाया जाएगा। गांव में शराब बिक्री अथवा निर्माण की सूचना देने वाले व्यक्ति को प्रोत्साहन स्वरूप 5000 रुपये की पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी।

बैठक में ग्राम पटेल धनसाय नागवंशी, सरपंच नीलकुमार सूर्यवंशी, सचिव कृष्णा,सामाजिक अध्यक्ष संतोष नेताम, बुजुर्ग स्यान मुन्ना लाल नागवंशी, गांधी राम यादव, सुखमन कोर्राम, सुखदाश कोर्राम, सदाराम कोर्राम, हिरेंद्र कुंजाम, यतेंद्र वट्टी, राजू नेताम, विजय कोड़ोपी, अर्जुन नेताम, गोवर्धन कोर्राम सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### गांव को नशामुक्त बनाने का लिया संकल्प

बैठक में यह भी तय किया गया कि सार्वजनिक स्थानों पर शराब सेवन कर सामाजिक कार्यों में बाधा उत्पन्न करने वाले व्यक्तियों पर 1000 रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा। ग्रामवासियों ने कहा कि शराब के कारण गांव का सामाजिक माहौल प्रभावित हो रहा था, जिसे देखते हुए यह कठोर निर्णय लिया गया है। ग्राम सभा में सर्वसम्मति से यह भी निर्णय लिया गया कि गांव में शराब बनाने एवं बेचने की गतिविधियों पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। ग्रामीणों ने इसे गांव की शांति, सुरक्षा एवं सामाजिक सुधार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।

# शॉर्ट सर्किट से घर में लगी आग

## लाखों रुपए का सामान जलकर राख





- ग्राम राजपुर की घटना, पीड़ित परिवार ने शासन-प्रशासन से मांगा मुआवजा

हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड

शॉर्ट सर्किट से घर में लगी आग से लाखों रुपए का सामान जलकर राख हो गया। मगरलोड से 10 किलोमीटर दूर ग्राम राजपुर में 19 मई मंगलवार की रात्रि लगभग 3 बजे आजू राम यादव पिता बिसाहू राम के घर में अचानक आग लग गई। ग्रामीणों ने घर में आग लगने की सूचना घर वालों को दी। घर के सभी सदस्य सोए हुए थे। पता चलने पर आग को बुझाने का प्रयास किया गया। आग तेजी से पूरे मकान में फैल रही थी। पड़ोसियों की मदद से आग पर काबू पाया गया। अचानक आग लगने से रसोई घर, स्टोर रूम, मवेशियों के बंधने की जगह जलकर राख हो गई। सुबह पीड़ित परिवार ने पटवारी, पुलिस थाने को सूचना दी। सूचना पर पुलिस स्टाफ तथा पटवारी मौके पर पहुंचे।

### एक लाख रुपए से ज्यादा का नुकसान

पुलिस ने परिवार वालों से घटना के संबंध में बयान लिया। पटवारी ने तहसीलदार को घटना की जानकारी दी। आग लगने से रसोई घर में रखा एक क्विंटल चावल, 3 नग प्लास्टिक कुर्सी, एक साइकिल, सब्जी बनाने का सामान सहित अन्य सामान जलकर राख हो गया। एक लाख रुपए से ज्यादा का नुकसान हुआ है। पीड़ित परिवार ने शासन प्रशासन से मुआवजे की मांग की है। विद्युत विभाग के कर्मचारियों ने बताया कि आग लगने की वजह शॉट सर्किट है।

# गुंजा ध्रुव को मिली पीएचडी की उपाधि

- मृदा एवं जल संरक्षण अभियांत्रिकी विषय में हासिल की शैक्षणिक उपलब्धि
- जनजातीय समाज की बेटियों व युवाओं के लिए बनीं प्रेरणा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



जिला पंचायत सभापति एवं भाजपा नेता अजय फत्ते लाल ध्रुव की पत्नी डॉ. गुंजा ध्रुव को सोइल एंड वाटर कंसरवेशन इंजीनियरिंग मृदा एवं जल संरक्षण अभियांत्रिकी विषय में पीएचडी की उपाधि प्राप्त हुई है।

डॉ. गुंजा ध्रुव ने अपने निरंतर परिश्रम, समर्पण और दृढ़ संकल्प के बल पर यह उपलब्धि हासिल की है। उनकी यह उपलब्धि विशेष रूप से जनजातीय समाज की बेटियों एवं युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत मानी जा रही है। समाज के लोगों का मानना है कि उच्च शिक्षा के क्षेत्र में इस प्रकार की उपलब्धियां नई पीढ़ी को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती हैं।

जिला पंचायत सभापति एवं भाजपा नेता अजय फत्ते लाल ध्रुव ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह उपलब्धि पूरे परिवार के लिए गर्व और खुशी का विषय है। उन्होंने विश्वास जताया कि डॉ. गुंजा ध्रुव आगे भी अपने ज्ञान और कार्यों के माध्यम से समाज एवं राष्ट्रहित में योगदान देती रहेंगी। गुंजा को पीएचडी की उपाधि प्राप्त होने पर परिवारजनों, शुभचिंतकों, सामाजिक एवं राजनीतिक क्षेत्र से जुड़े लोगों ने हर्ष जताया है।

# अरुण फिर संभालेंगे नगरी थाना की कमान

- नशे के कारोबार पर रोक और यातायात व्यवस्था सुधारना पहली प्राथमिकता

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी



पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार जिले में थाना प्रभारियों की नई पदस्थापना की गई है। इसी क्रम में मेचका थाना प्रभारी रहे अरुण साहू को पुनः नगरी थाना की जिम्मेदारी सौंपी गई है। अरुण के दोबारा नगरी थाना प्रभारी बनने से क्षेत्रवासियों में कानून व्यवस्था को लेकर नई उम्मीद जागी है।

नगरी थाना का प्रभार संभालने के बाद मीडिया से चर्चा करते हुए थाना प्रभारी अरुण साहू ने कहा कि क्षेत्र में बढ़ते नशे के प्रभाव को रोकना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि युवाओं को नशे की गिरफ्त से बाहर निकालने के लिए लगातार अभियान चलाया जाएगा तथा नगर एवं आसपास के सुनसान क्षेत्रों में रात्रिकालीन गश्त बढ़ाई जाएगी।

नगर यातायात व्यवस्था को लेकर भी थाना प्रभारी अरुण साहू ने सख्त रुख अपनाने के संकेत दिए हैं। उन्होंने कहा कि नगर की सड़कों के किनारे अव्यवस्थित रूप से लगी दुकानों, बैनर-पोस्टरों एवं अतिक्रमण को हटाकर यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाया जाएगा। सड़क किनारे फैले अतिक्रमण से आम लोगों को होने वाली परेशानियों को देखते हुए जल्द विशेष अभियान चलाया जाएगा।

उन्होंने आगे कहा कि नगर में प्रवेश करने वाली तेज रफ्तार बसों एवं भारी वाहनों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। नगर क्षेत्र में तेज गति से वाहन चलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी तथा बस चालकों को धीमी गति से वाहन चलाने के निर्देश दिए जाएंगे, ताकि सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण किया जा सके।

थाना प्रभारी अरुण साहू ने कहा कि नगरी थाना क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने, आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने एवं अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए पुलिस पूरी सक्रियता और जिम्मेदारी के साथ कार्य करेगी। उन्होंने नागरिकों से भी पुलिस प्रशासन का सहयोग करने की अपील की।

### मादक पदार्थों के कारोबार में संलिप्त लोगों पर होगी सख्त कार्रवाई

उन्होंने स्पष्ट किया कि नगरी थाना क्षेत्र में किसी भी प्रकार के नशीले पदार्थों की बिक्री बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अवैध शराब, गांजा एवं अन्य मादक पदार्थों के कारोबार में संलिप्त लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही जुआ और सट्टा जैसे अवैध गतिविधियों पर भी विशेष अभियान चलाकर कठोर कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि पुलिस आम जनता के सहयोग से नशे के खिलाफ प्रभावी अभियान संचालित करेगी।

## नए थाना प्रभारी से व्यापारी संघ ने की मुलाकात



हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

मेचका थाना से नगरी थाना तबादला होकर आए नए थाना प्रभारी अरुण कुमार साहू से नगरी व्यापारी संघ ने मुलाकात की। इस अवसर पर नव पदस्थ थाना प्रभारी को गुलदस्ता भेंट किया।

इस दौरान नगर में चौक-चौराहों पर गस्त बढ़ाने, दुकानों में सीसीटीवी कैमरा लगाने, अवैध कार्यों पर अंकुश लगाने, स्पीड मोटर साइकिल और अन्य वाहनों के चालकों पर कार्रवाई करने जैसे मुद्दों पर चर्चा की गई।

बैठक में व्यापारी संघ के अध्यक्ष संतोष साहू, शंकर पंजाबी, विक्की खनूजा, त्रिलोक सिन्हा, धनेश देवांगन, प्रवीण परिहार, भूपेंद्र सेन, खेमेंद्र साहू, हरिश साहू समेत नगर के अन्य व्यापारी उपस्थित थे।

## व्यक्तित्व निर्माण युवा शिविर 22 से

**नगरी।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में छह दिवसीय आवासीय व्यक्तित्व निर्माण युवा शिविर का आयोजन 22 से 27 मई तक जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (बीटीआईई) नगरी में होगा। शिविर का उद्देश्य युवाओं में नैतिक मूल्यों, श्रेष्ठ संस्कारों, आत्मविश्वास एवं राष्ट्र निर्माण की भावना विकसित करना है। इस शिविर में 18 से 30 वर्ष आयु वर्ग के युवक-युवतियां भाग ले सकेंगे। शिविर के माध्यम से युवाओं को स्वस्थ जीवनशैली, अनुशासन, योग, आत्मनिर्भरता, व्यक्तित्व विकास तथा राष्ट्र सेवा की प्रेरणा दी जाएगी। पंजीयन शुल्क 51 रुपये है।

## कृषकों को रासायनिक खाद के संतुलित उपयोग के बारे में बताया

- तर्रागोंदी में विकसित कृषि संकल्प अभियान चलाया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭अमलीडीह(धमतरी)



ग्राम तर्रागोंदी में विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत कृषक संगोष्ठी कृषि विभाग द्वारा आयोजित की गई। तर्रागोंदी, भेलवाकूदा के कृषकों को रासायनिक खाद के संतुलित उपयोग के साथ जैविक खाद, हरी खाद, बीजीए कल्चर आदि के समन्वित उपयोग एवं उत्पादन विधि के बारे में चर्चा की गई। इसके साथ पीएम किसान सम्मान निधि योजना, मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना, एग्रीस्टेक, किसान क्रेडिट कार्ड योजना, किसान समृद्धि योजना, सौर सुजला योजना, बीज उत्पादन कार्यक्रम, बीज उपचार विधि 17 प्रतिशत नमक घोल द्वारा एवं धान की किस्म, कीट व्याधि के कारण, लक्षण, उपचार एवं प्रबंधन के बारे में बताया गया। कार्यक्रम में लगभग 25 कृषक उपस्थित हुए।

कृषि विभाग से एडीओ श्री खुटे, एडीओ दीपारानी कश्यप, केवी से डॉ अमित सिन्हा,पशु कल्याण विभाग से डॉ पीयूष दुबे, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी केशेन्द्र कुमार एवं खेलेंद्र साहू, कल्याण सिंह ध्रुव, आदित्य मेश्राम, आत्मा टीम से वीरेंद्र साहू उपस्थित थे।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### हाईस्पीड पिकअप की टक्कर से प्रधान ...

करते हुए पिकअप को कब्जे में लेते हुए चालक को गिरफ्तार कर लिया। कोतवाली पुलिस ने पंचनामा व पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शव सौंप दिया। प्रधान आरक्षक विजय के शव को उसके गृहग्राम पंखाजूर पहुंचाया गया जहां उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। इस दुखद घटना से पुलिस विभाग शोक में डूब गया है। अधिकारियों, साथी पुलिसकर्मियों और परिचितों ने प्रधान आरक्षक विजय बैरागी के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है।

## रिटर्निंग ऑफिसर ने जनपद पंचायत सभाकक्ष में मतदान दलों को दिया प्रशिक्षण

# उपनिर्वाचन : 8 वार्ड पंच पद के लिए 17 नामांकन, आज नाम वापसी

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद



क्षेत्र की 8 ग्राम पंचायतों में रिक्त वार्ड पंच पदों के लिए हो रहे पंचायत उप निर्वाचन में नामांकन प्रक्रिया पूरी हो गई है। कुल 17 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र दाखिल किया है। स्क्रूटनी की प्रक्रिया पूरी होने के बाद गुरुवार को नाम वापसी होगी, जिसके बाद चुनाव मैदान में बचे उम्मीदवारों की स्थिति स्पष्ट हो जाएगी।

जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत सिवनीकला, गोबरा, कुहकुहा, चर्रा, जी जामगांव, तर्रागोंदी, सेमरा बी और चरोटा में एक-एक वार्ड पंच का पद रिक्त है। इन पदों के लिए 11 मई से नामांकन प्रक्रिया शुरू हुई थी, जो 18 मई को समाप्त हुई। अब नाम वापसी के बाद चुनाव चिन्ह आवंटित किए जाएंगे तथा 1 जून को मतदान कराया जाएगा। उसी दिन मतगणना के बाद परिणाम घोषित किए जाएंगे, जबकि सारणीकरण 4 जून को होगा। उप निर्वाचन को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराने के लिए रिटर्निंग ऑफिसर ने जनपद पंचायत सभाकक्ष में मतदान दलों को प्रशिक्षण दिया। इस दौरान मास्टर ट्रेनरों ने मतदान प्रक्रिया से संबंधित आवश्यक जानकारी दी। तहसीलदार एवं रिटर्निंग ऑफिसर श्री बंछोर ने सभी अधिकारियों-कर्मचारियों को निर्वाचन आयोग के निर्देशों का पालन करते हुए निष्पक्ष चुनाव कराने के निर्देश दिए।

Pride of Dhamtari

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)

14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का ♦ State of the art NICU including care for Preterm, Term
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा ♦ वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Multi Para Monitors / Bubble CPAP ♦ Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए ♦ प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था ♦ 24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध

डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़



समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)
मो. 9981321524 / 7223011528

विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी -75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

# नहरों से भरे जा रहे तालाब, गांवों में जल संकट से मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

भीषण गर्मी और लगातार गिरते जलस्तर के बीच महानदी जलाशय परियोजना रुद्री द्वारा निस्तारी तालाबों को भरने का कार्य तेजी से किया जा रहा है। जल संसाधन विभाग की इस पहल से ग्रामीण क्षेत्रों में पानी की समस्या काफी हद तक कम हुई है। विभाग द्वारा कुरुद, धमतरी और नगरी विकासखंड के गांवों में नहरों के माध्यम से तालाबों तक पानी पहुंचाया जा रहा है।

महानदी जलाशय परियोजना रुद्री संभाग क्रमांक-दो अंतर्गत जिले के 197 गांवों में कुल 341 तालाबों को भरने का लक्ष्य रखा गया है। विभागीय जानकारी के अनुसार अब तक 310 तालाबों को सफलतापूर्वक भर दिया गया है, जबकि बाकी तालाबों को चरणबद्ध तरीके से भरा जा रहा है।

जल संसाधन विभाग के इंजीनियर बीके मगेन्द्र ने बताया कि तालाब भरने का अभियान लगातार जारी है और शेष तालाबों को भी जल्द भरने का प्रयास किया जा रहा है। विभाग का उद्देश्य गर्मी के मौसम में गांवों में जल संकट की स्थिति को नियंत्रित करना है।

### 197 गांवों के 341 तालाबों को भरने का लक्ष्य



#### ग्रामीणों और मवेशियों को मिल रही राहत

गर्मी बढ़ने के साथ गांवों में निस्तारी और पेयजल संकट गहराने लगा था। कई तालाबों का जलस्तर तेजी से घट गया था, जिससे ग्रामीणों और पशुपालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। ऐसे समय में नहरों से तालाबों तक पानी पहुंचने से लोगों को बड़ी राहत मिली है। ग्रामीणों का कहना है कि तालाबों में पानी आने से दैनिक उपयोग के साथ मवेशियों के लिए भी पर्याप्त पानी उपलब्ध हो रहा है।

#### बालोद जिले तक पहुंच रहा पानी

महानदी जलाशय परियोजना का लाभ केवल धमतरी जिले तक सीमित नहीं है, बल्कि पड़ोसी बालोद जिले के गुरुर विकासखंड के गांवों तक भी नहरों के जरिए पानी पहुंचाया जा रहा है। यहां चार गांवों के नौ तालाबों को भरने का लक्ष्य रखा गया था, जिसे विभाग ने पूरी तरह पूरा कर लिया है। लोगों का कहना है कि तालाब भरने से भूजल स्तर में भी सुधार होने की संभावना बढ़ी है, जिससे आने वाले समय में जल संकट कम हो सकेगा।

## खबर संक्षेप



### विधायक ने दिया भीरागांव पंचायत को पानी टैंकर

**भानुप्रतापपुर।** पानी टैंकर कि मांग ग्रामवासियों लंबे समय से मांग करते आ रहे थे। भीरागांव के ग्रामीणों के मांग को देकते हुए विधायक सावित्री मनोज मंडावी ने पानी टैंकर दिया। पानी टैंकर पाकर ग्रामीणों ने खुशी जाहिर किये और विधायक को धन्यवाद दिए अब गांव मे पेय जल की समस्या दूर होंगी। छठी, मरनी, शादी, देवजात्रा, धार्मिक एवं समाजिक कार्यों में पेयजल की समस्या दूर होंगी, जिसका लोकार्पण जनपद अध्यक्ष सुनाराम तेता ने किया। इस अवसर पर ग्राम के सरपंच बेबी गावड़े, जनपद सदस्य भुनेश्वर कोरेटी, ब्लॉक कॉग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष मिंदी सोनवानी, उप सरपंच धर्मेंद्र रावटे, ब्लॉक कॉग्रेस कमेटी के सचिव रवि साहू व अन्य उपस्थित रहें।

### मृतक के वारिस के लिए सहायता राशि स्वीकृत

**कांकेर।** अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कांकेर द्वारा नरहरपुर तहसील के ग्राम थानाबोड़ी निवासी मृतक धर्मराज विश्वकर्मा के विधिक वारिस रंजीत विश्वकर्मा के लिए 25 हजार रूपए की सहायता राशि स्वीकृत किया गया है। हितग्राही को स्वीकृत सहायता राशि का भुगतान तहसीलदार नरहरपुर के माध्यम से किया जाएगा।

### इलाज के दौरान नाबालिग की मौत

**कांकेर।** चारामा थानांतर्गत ग्राम पुरी के पास सड़क दुर्घटना में घायल बालोद जिला के आमाडूला निवासी 14 वर्षीय मनीष कुमार यादव पिता संतराम यादव का मौत हो गया। धमतरी के निजी अस्पताल से अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया गया कि मृतक सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया था। इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया, जहां इलाज के दौरान उसका 16 अप्रैल को मौत हो गया। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### सड़क हादसे में युवक की मौत

**कांकेर।** अंतागढ़ थानांतर्गत नवागांव निवासी 20 वर्षीय श्रवण कुमार पटेल पिता तिहारू राम का सड़क दुर्घटना में मौत हो गया। मृतक के परिजन ने पुलिस को बताया कि मृतक अपने मोटर सायकल क्रमांक सीजी 19 बीडब्लू 8313 में सवार था तभी जेतनवागांव के पास अज्ञात वाहन के चालक ने उन्हे टक्कर मार दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना में आई चोट के कारण 18 मई को उसका मौत हो गया। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### छात्रवृत्ति के लिए आवेदन आमंत्रित

**कांकेर।** प्रधानमंत्री छात्रवृत्ति योजना और रक्षामंत्री विवेकाधीन निधि योजनांतर्गत भूतपूर्व सैनिकों और विधवाओं के बच्चों से आवेदन आमंत्रित किया गया है। आवेदन के माध्यम से ऑनलाइन की जा सकती है। रक्षामंत्री विवेकाधीन निधि आरएमडीएफ छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत भूतपूर्व सैनिकों एवं विधवाओं के वे बच्चे, जिन्होंने वर्ष 2025-26 में कक्षा पहली से 12वीं अथवा स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण की है, वे छात्रवृत्ति के लिए आवेदन कर सकते हैं। प्रधानमंत्री छात्रवृत्ति योजना के लिए तकनीकी एवं व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में प्रथम वर्ष में प्रवेश लेने वाले भूतपूर्व सैनिकों एवं विधवाओं के बच्चों को लाभ दिया जाएगा।

महापौर व जिपं अध्यक्ष ने हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना

# जिले की सड़कों पर दौड़ने लगे हाईटेक डायल-112 ईआरवी वाहन





हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

औपचारिक शुभारंभ के बाद हाईटेक डायल-112 ईआरवी वाहन जिले की सड़कों पर उतर गए। महापौर व जिला पंचायत अध्यक्ष ने हरी झण्डी दिखाकर डायल-112 वाहनों को आपातकालीन सेवा के लिए रवाना किया।

पुलिस लाइन रूद्री में बुधवार को डायल-112 वाहनों के औपचारिक शुभारंभ के बाद महापौर रामू रोहरा, जिला पंचायत अध्यक्ष अरूण सार्वा व एसपी सूरज सिंह परिहार ने कुल 12 वाहनों को हरी झण्डी दिखाई। कार्यक्रम में जिले को प्राप्त हाईटेक डायल-112 वाहनों के संचालन, रिस्पांस सिस्टम, आपातकालीन परिस्थिति में त्वरित कार्रवाई, घटनास्थल तक शीघ्र पहुंच, तकनीकी समन्वय एवं आमजन के साथ संवेदनशील व्यवहार के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। जिले के 10 थाना क्षेत्रों एवं एक डायल-112 आफिस में ये वाहन 24 घण्टे तैनात रहेंगे जिससे आपात परिस्थितयों में नागरिकों को तत्काल एवं प्रभावी पुलिस सहायता उपलब्ध कराई जा सकेगी। छत्तीसगढ़ शासन की यह महत्वाकांक्षी डायल-112 ईआरवी योजना आम नागरिकों को त्वरित एवं प्रभावी पुलिस सहायता उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है जिसमें शहरी क्षेत्र में मात्र 10 मिनट एवं ग्रामीण क्षेत्र में 30 मिनट के भीतर पुलिस रिस्पांस सुनिश्चित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

इस अवसर पर महापौर रामू रोहरा ने अपने संबोधन में कहा कि अत्याधुनिक तकनीक से सुसज्जित डायल-112 की सेवा निश्चित रूप से आमजन को त्वरित सहायता उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इससे पुलिस व जनता के बीच विश्वास मजबूत होगा। जिला पंचायत अध्यक्ष अरूण सार्वा ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में समयबद्ध पुलिस सहायता उपलब्ध होना अत्यंत आवश्यक है। डायल-112 ईआरवी वाहनों के माध्यम से अब दूरस्थ क्षेत्रों के नागरिकों को भी तेजी से सहायता मिल सकेगी। एसपी सूरज सिंह परिहार ने अपने उद्बोधन में कहा कि डायल-112 ईआरवी सेवा आम नागरिकों की सुरक्षा, विश्वास एवं त्वरित राहत का सबसे सशक्त माध्यम है। प्रत्येक सूचना पर संवेदनशीलता, तत्परता एवं प्रोफेशनल तरीके से कार्य करते हुए न्यूनतम समय में पीड़ितों तक सहायता पहुंचाना हमारी सर्वाच्च प्राथमिकता है। जिला पंचायत के सीईओ गजेन्द्र ठाकुर ने कहा कि डायल-112 शासन की जनहितकारी एवं नागरिक केंद्रित पहल है। डीएसपी सुश्री मोनिका मरावी द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

कार्यक्रम में एएसपी शैलेन्द्र पाण्डेय, सीएसपी अभिषेक चतुर्वेदी, निगम आयुक्त प्रिया गोयल, डीएसपी मीना साहू, एसडीओपी नगरी विपिन रंगारी, ज्योति जैन नपं अध्यक्ष भखारा, रक्षित निरीक्षक दीपक शर्मा सहित थाना प्रभारी, समाजसेवी, चेंबर आफ कामर्स के पदाधिकारी, रोटरी क्लब, लायंस क्लब, लायनेस क्लब के प्रतिनिधि, पार्षदगण, बीजेएस, पुलिस पेंशनर्स, रिटायर्ड सैनिक, रेडक्रास सोसायटी के पदाधिकारी, डायल-112 की प्रभारी सुश्री गायत्री सिन्हा, यातायात प्रभारी, एमटीओ व डायल-112 ईआरवी के समस्त अधिकारी-कर्मचारी एवं वाहन चालक उपस्थित रहे।

# सीबीएसई 10वीं-12वीं में महानदी एकेडमी का शानदार प्रदर्शन

- मेधावी छात्र-छात्राओं एवं पालकों का किया गया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी





सीबीएसई की 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा 2025-26 में महानदी एकेडमी देऊरपारा नगरी के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन जिले में प्रथम स्थान कर विद्यालय, परिवार तथा पूरे क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया।

इस अवसर पर मेधावी छात्र-छात्राओं एवं उनके पालकों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कक्षा 12वीं (कॉमर्स संकाय) में खुशहाली जैन ने 96.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय ही नहीं, बल्कि जिले में भी उत्कृष्ट स्थान प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि यदि लक्ष्य स्पष्ट हो और मेहनत ईमानदारी से की जाए, तो सफलता निश्चित रूप से मिलती है।

कक्षा 10वीं में श्रेया जैन ने 93.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। कक्षा 12वीं में टॉपर्स खुशाली जैन पिता राकेश जैन (96.2 प्रतिशत), स्वास्ति लिमजा पिता रविन्द्र लिमजा (92.6 प्रतिशत), दीपक कुमार साहू पिता अनिल कुमार साहू (89.6 प्रतिशत) दिशा जैन पति प्रिंस जैन (86.6 प्रतिशत), योनिल साहू पि रूपेश साहू (85.8 प्रतिशत), लॉरी जैन पिता राजेश जैन (83.6 प्रतिशत), तोशिका साहू पिता सुरेश कुमार साहू (76.6 प्रतिशत), युगल साहू पिता परेश साहू (70.2 प्रतिशत), साइमा बानो पिता मोहम्मद गुलाम खान (69.4 प्रतिशत), गुंजन कंचन पिता राकेश कुमार कंचन (68.8 प्रतिशत) रहे।

कक्षा 10वीं के टॉपर्स श्रेया जैन पिता मनोज जैन (93.4 प्रतिशत), यशस्वी पिता तीरथ राम साहू (90.4 प्रतिशत), अली विश्वा पिता चंद्रहास विश्वा (86.8 प्रतिशत), सानिया कुंजाम पिता जलसू राम कुंजाम (85.2 प्रतिशत), गेविका साहू पिता मनोज कुमार साहू (84.8 प्रतिशत), लिशिका कोसमा पिता उमाकांत कोसमा (84.8 प्रतिशत) रहे।

विद्यार्थियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि उनकी सफलता के पीछे विद्यालय के शिक्षकों का सतत मार्गदर्शन, विद्यालय प्रबंधन का सहयोग तथा माता-पिता का निरंतर प्रोत्साहन सबसे बड़ी प्रेरणा रहा। विद्यालय के डायरेक्टर मोहन नाहटा ने कहा कि महानदी एकेडमी के विद्यार्थियों ने जिले में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय, क्षेत्र और पूरे नगरी अंचल को गौरवान्वित किया है। इस अवसर पर निकेश ठाकुर, अजय छाजेड़, अहमद रजा, शशांक सलाम सहित शिक्षकगण सरिता साहू, विनीता साहू, तुलेश्वरी शेरपा, दुष्यन्त तारक, विनोद राजपूत पालकगण राकेश जैन, मनोज जैन, रुपेश साहू, गुलाम खान, रविन्द्र लिमजा, तीरथ राम साहू, भूपेश चोपड़ा एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।

# समाधान शिविर में उमड़ी ग्रामीणों की भीड़

- मूलभूत समस्याओं के समाधान की उठी मांग
- कुल 752 आवेदन प्राप्त हुए, 743 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी







ग्राम सिहावा में सुशासन तिहार 2026 अंतर्गत समाधान शिविर आयोजित हुआ, जहां बड़ी संख्या में ग्रामीण अपनी विभिन्न समस्याओं, मांगों एवं जनहित से जुड़े मुद्दों को लेकर पहुंचे। शिविर में कुल 752 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 743 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया। शेष लंबित आवेदनों पर संबंधित विभागों द्वारा कार्रवाई की जायेगी।

शिविर में ग्राम पंचायत सिहावा, भीतररास, सेमरा, बिरगुड़ी, टांगापानी, भड़सिवना, बासपानी, कोगेरा, मुकुन्दपुर, देवपुर, छिपलीपारा सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्र से बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। ग्रामीणों ने सड़क, पेयजल, बिजली, राशन कार्ड, पेंशन, प्रधानमंत्री आवास, राजस्व प्रकरण, कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य तथा अन्य मूलभूत सुविधाओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। प्रमुख मांगों में सिहावा–सेमरा–बासपानी मार्ग निर्माण, मुरूमतरा क्षेत्र में मोबाइल नेटवर्क सुविधा, भड़सिवना में नवीन पंचायत भवन निर्माण, बिरगुड़ी शीतला मंदिर से पंचायत तक बिजली पोल विस्तार तथा अटल चौक से हाईस्कूल तक सड़क निर्माण जैसे मुद्दे प्रमुख रूप से शामिल रहे।

शिविर स्थल की व्यवस्था को लेकर कई ग्रामीणों ने असंतोष व्यक्त किया। ग्रामीणों का कहना था कि मुख्य मंच के सामने चटाई बिछाई गई थी, लेकिन पर्याप्त छायादार व्यवस्था नहीं होने के कारण लोग वहां बैठने से बचते रहे और पेड़ों व आसपास के भवनों की छांव में बैठकर कार्यक्रम देखते रहे। कुछ ग्रामीणों ने बताया कि पूर्व में भी आयोजित शिविर के दौरान बारिश से अव्यवस्था हो गई थी, जिसके बाद व्यवस्था में सुधार की अपेक्षा की जा रही थी। हालांकि प्रशासन की ओर से सभी विभागों के अलग-अलग स्टॉल लगाए गए थे, जहां अधिकारी ग्रामीणों से आवेदन प्राप्त कर योजनाओं की जानकारी देते हुए नजर आए। पात्र हितग्राहियों को शासन की योजनाओं से जोड़ने का प्रयास भी किया गया। कार्यकम में हितग्राहियों को ट्राई साइकिल एवं श्रवण यंत्र अतिथि के हाथों प्रदान किया गया।

कार्यक्रम में जिपं अध्यक्ष अरुण सार्वा, जनपद सभापति प्रेमलता नागवंशी, विकल गुप्ता, राजू गोसाई, संजय, एसडीएम प्रीति दुर्गम, नायब तहसीलदार विकेक चंद्राकर, सरपंचगण, जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित थे।

#### योजनाओं से ग्रामीण लाभान्वित : सार्वा

इस अवसर पर श्री सार्वा ने कहा कि इस प्रकार के शिविरों से ग्रामीणों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए बार-बार कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ते। साथ ही समय एवं धन दोनों की बचत होती है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव की सरकार में सभी योजनाओं का लोगों को लाभ मिल रहा है।

# युवाओं को मिलेगा ई-लाइब्रेरी व खेल सुविधाओं का लाभ





- भखारा में अजय ने किया करोड़ों के विकास कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶अंवरी

विधायक अजय चंद्राकर ने नगर पंचायत भखारा में ई-लाइब्रेरी, बॉक्स क्रिकेट एवं विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण किया। इस दौरान नागरिकों एवं छात्र छात्राओं ने उनका जोरदार अभिवादन किया।

ज्ञात हो कि नगर पंचायत भखारा-भठेली में आयोजित इस कार्यक्रम में लगभग 577.96 लाख रुपये की लागत से विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन किया गया। इनमें एसटीपी निर्माण कार्य हेतु 315.06 लाख रुपये, शॉपिंग कॉम्पलेक्स निर्माण कार्य हेतु 116.74 लाख रुपये, ऑक्टांगल स्ट्रीट पोल एवं एलईडी लाइट स्थापना कार्य हेतु 73.58 लाख रुपये, मल्टी स्पोर्ट टर्फ ग्राउंड निर्माण कार्य हेतु 20.23 लाख रुपये, बाउंड्रीवाल निर्माण हेतु 18.95 लाख रुपये तथा सम्पवेल निर्माण कार्य हेतु 13.16 लाख रुपये की स्वीकृति शामिल है। इसके अलावा बोर खनन कार्य 7.42 लाख रुपये, शेड निर्माण कार्य 7.44 लाख रुपये, यात्री प्रतीक्षालय निर्माण कार्य 2.81 लाख रुपये, शौचालय निर्माण कार्य 1.74 लाख रुपये तथा चबूतरा निर्माण कार्य 0.83 लाख रुपये की लागत से किए जाएंगे। लगभग 98.82 लाख रुपये की लागत से पूर्ण हुए विभिन्न निर्माण कार्यों का लोकार्पण किया गया। युवाओं के लिए आधुनिक ई-लाइब्रेरी निर्माण कार्य 9.98 लाख रुपये, सामुदायिक भवन निर्माण कार्य 6.33 लाख रुपये, मोटर पंप एवं पानी टंकी स्थापना कार्य 2 लाख रुपये, सीसी रोड निर्माण कार्य 54.44 लाख रुपये तथा नाली निर्माण कार्य 26.07 लाख रुपये शामिल हैं। युवाओं को आधुनिक ई-लाइब्रेरी एवं खेल सुविधाओं का लाभ मिलेगा। बॉक्स क्रिकेट एवं मल्टी स्पोर्ट टर्फ ग्राउंड जैसे निर्माण कार्यों से क्षेत्र के खिलाड़ियों को बेहतर मंच मिलेगा।

ई-लाइब्रेरी एवं बॉक्स क्रिकेट जैसे महत्वपूर्ण कार्यों के लिए कलेक्टर अबिनाश मिश्रा का विशेष योगदान रहा है। डीएमएफ मद से इन कार्यों की स्वीकृति प्रदान किए जाने से नगर के युवाओं को शिक्षा एवं खेल के क्षेत्र में नई सुविधाएं प्राप्त हुई। यह कार्यक्रम बिसाहू सिंह गौर उच्चतर माध्यमिक शाला प्रांगण में आयोजित था। लोक गायिका आरू साहू ने पारंपरिक छत्तीसगढ़ी गीत संगीत से समां बांधा।

नपं अध्यक्ष ज्योति जैन ने सरकार से भखारा क्षेत्र को करोड़ों की सौगात दिलाने वाले पूर्व मंत्री अजय चन्द्राकर का आभार व्यक्त किया। इस दौरान प्रतिभावान छात्र-छात्राओं एवं स्वच्छता दीदियों का सम्मान किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा फलदार एवं छायादार पौधे रोपे गए।

कार्यक्रम में सीएमओ हरिकिशन पावरिया, विधायक प्रतिनिधि हरख जैन, उपाध्यक्ष विष्णु साहू, सभापति गण छबिलाल निर्मलकर, हितेंद्र साहू, भूपेश्वरी चंदेल, डुमेंद्र गैंगबेल, परदेशी कंवर, अविनाश गौर, रामस्वरूप साहू, आनंद यदु, रवि सिन्हा, पूजा सिन्हा, जनपद अध्यक्ष गीतेश्वरी साहू, भीम साहू, चोवा साहू, गिरिराज सोन, रामगोपाल देवांगन, पुष्पलता देवांगन, खेमलता साहू, जितेन्द्र साहू ज्योति साहू, आईटीआई प्राचार्य प्रभारी, सेजेस स्कूल प्राचार्य चौधरी, वीरेंद्र साहू, कुशराज सोन, हूपेंद्र सोन, तहसीलदार भूपेश चंद्राकर सहित बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित थे।

#### भखारा भठेली एक आदर्श नगर पंचायत बनेगा



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री चंद्राकर ने कहा कि नगर पंचायत क्षेत्र में लगातार नागरिक सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। आने वाले समय में भखारा-भठेली को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित एक आदर्श नगर पंचायत के रूप में विकसित किया जाएगा। श्री चन्द्राकर ने खाद और ईंधन संकट के लिए वैश्विक परिस्थितियों को जिम्मेदार ठहराते हुए संयम से काम लेने की सलाह दी। उन्होंने किसानों से कहा कि रासायनिक खाद के साथ-साथ वैकल्पिक खाद के उपयोग को बढ़ावा देकर इस स्थिति से उबारा जा सकता है। पूर्व मंत्री ने पेट्रोल पंपों में किसानों को प्राथमिकता के आधार पर डीजल उपलब्ध कराने की व्यवस्था बनाने के लिए कलेक्टर को निर्देश दिए।

# छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार किसान विरोधी : तारिणी

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



प्रदेश भर में रासायनिक खाद (यूरिया और डीएपी) की भारी किल्लत को लेकर जिला कांग्रेस अध्यक्ष तारिणी चंद्राकर ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला। कहा कि साय सरकार की गलत खाद नीति और कुप्रबंधन ने धन्हा धमतरी कहे जाने वाले जिले के किसानों को संकट में डाल दिया है। जिला अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि राज्य सरकार द्वारा लागू की गई नई खाद वितरण नीति पूरी तरह से किसान विरोधी है। नई व्यवस्था में खाद का कोटा कम कर दिया गया है और टोकन की अनिवार्यता लागू कर दी गई है, जिससे प्राथमिक सेवा सहकारी समितियों में किसानों को घंटों कतारों में खड़ा होना पड़ रहा है। बिचौलियों और कालाबाजारियों को सत्ता का संरक्षण प्राप्त है, जिसके कारण वे खुलेआम किसानों का आर्थिक शोषण कर रहे हैं। श्रीमती चंद्राकर ने साय सरकार को चेतावनी देते हुए कहा है कि यदि एक सप्ताह के भीतर सोसायटियों में पर्याप्त खाद की आपूर्ति शुरू नहीं की गई और खाद नीति में सुधार नहीं हुआ, तो कांग्रेस पार्टी किसानों के साथ मिलकर पूरे ब्लॉक और जिला स्तर पर चक्का जाम और उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।




## खबर संक्षेप



### शहीद रामकुमार यादव की पुण्यतिथि मनाई

**कांकेर।** झुनियापारा कांकेर मे स्थित रामकुमार यादव के प्रतिमा स्थल पर 20 मई को विधायक आशाराम नेताम, नगरपालिका अध्यक्ष अरुण कौशिक व शहीद परिवार व यादव समाज के द्वारा दीप प्रज्वलित कर पुष्प माला अर्पित कर नवमी पुण्यतिथि मनाई गई। प्रतिमा स्थल में श्रध्दांजली अर्पित कर शहीद रामकुमार शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मे शहीद परिवार का सम्मान व पुष्प अर्पित कर शहीद जवान को याद किया गया। इस अवसर पर यादव समाज के जिलाध्यक्ष गिरधर यादव ने बताया कि शहीद रामकुमार यादव चोलनार दन्तेवाड़ा जिले में एक नक्सली हमले मे 20 मई 2018 में शहीद हो गए थे।

### कलेक्टर ने सहायता राशि किया स्वीकृत

**कांकेर।** राजस्व पुस्तक परिपत्र खण्ड 6-4 में दिए गए अधिकारों का प्रयोग करते हुए कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने सर्प काटने से मृत्यु होने के दो प्रकरणों में मृतक के आश्रितों के लिए चार-चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है। भानुप्रतापपुर तहसील के ग्राम उत्तामार निवासी 27 वर्षीय आत्माराम कल्लो की सर्प काटने से मृत्यु होने पर उनके निकटतम आश्रित नागेश्वरी के लिए चार लाख रुपए तथा दुर्गुकोंदल तहसील के ग्राम नवागांव निवासी 42 वर्षीय जयसिंह कोमरा की सर्प काटने से मृत्यु होने पर पत्नी सुमरोबाई के लिए चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता कलेक्टर द्वारा स्वीकृत की गई है।

### प्रवेश परीक्षा का मॉडल उत्तर जारी, दावा-आपत्ति 30 तक

**कांकेर।** मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजनांतर्गत संचालित प्रयास आवासीय विद्यालयों में कक्षा 9वीं सत्र 2026-27 में प्रवेश के लिए आयोजित प्राक्चयन परीक्षा का मॉडल आंसर जारी कर दिया गया है। यह परीक्षा 10 मई 2026 रविवार को आयोजित की गई थी। आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त ने बताया कि जारी सूचना के अनुसार मॉडल उत्तर विभागीय वेबसाइट पर उपलब्ध है तथा दावा-आपत्ति 30 मई सायं 5.30 बजे तक आमंत्रित की गई है। जिले के परीक्षार्थियों को दावा-आपत्ति आदिवासी विकास सहायक आयुक्त कार्यालय कांकेर में स्वयं उपस्थित होकर आवेदन के साथ संबंधित दस्तावेज एवं प्रमाण जमा करना होगा।

### तेलिन सती महोत्सव में साहू समाज हुआ शामिल

**भानुप्रतापपुर।** कोंडागांव जिले की प्रसिद्ध केशकाल घाटी स्थित तेलिन सती माता मंदिर में आयोजित प्रथम प्रदेश स्तरीय तेलिन सती महोत्सव में भानुप्रतापपुर क्षेत्र से साहू समाज के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए। श्रद्धालुओं ने माता के दर्शन कर पूजा-अर्चना की तथा समाज की सुख-समृद्धि की कामना की। तेलिन सती माता मंदिर छत्तीसगढ़ की लोक आस्था का प्रमुख केंद्र माना जाता है। 12वीं सदी से चली आ रही परंपराओं के अनुसार यहां हर वर्ष श्रद्धालुओं का पहुंचना जारी रहता है। महोत्सव में प्रदेशभर से समाजजन शामिल हुए, जहां धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

### महिला के कब्जे से 4 लीटर कच्ची शराब जब्त

**कांकेर।** चारामा पुलिस ने 19 मई कि रात 8 बजें जैसाकर्रा में मुखबिर से मिली जानकारी पर ठाकुरपारा जैसाकर्रा पहुंची, जहां आरोपी जैसाकर्रा निवासी 35 वर्षीय राधिका सिन्हा पति परमानंद सिन्हा के पास से अवैध रूप से हाथ भट्टी से बना देशी महुआ शराब को जप्त किया। आरोपी के घर आंगन से एक हरा रंग के 5 लीटर वाला प्लास्टिक का डिब्बा में आधा भरा हाथ भट्टी से बना देशी महुआ शराब 4 लीटर मिली। आरोपी के खिलाफ धारा 34 (1) (क) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।



# बड़ी रेल लाइन से धमतरी को मिलेगी नई रफ्तार, कार्य अंतिम चरण पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

बहुप्रतीक्षित बड़ी रेल लाइन परियोजना अब अपने अंतिम चरण की ओर बढ़ रही है। लंबे समय से बंद रेल सेवा के बाद जिले के लोगों में रेल संचालन को लेकर उत्साह और उम्मीदें बढ़ गई हैं। निर्माण कार्य तेज गति से जारी है और अब तक लगभग 70 प्रतिशत पटरियों का बिछाने का काम पूरा हो चुका है।

कुरुद से धमतरी के बीच रेल पटरियों का बिछाने का कार्य तेजी से पूरा किया जा रहा है। रेलवे सूत्रों के अनुसार जून महीने में इस नए ट्रैक पर ट्रायल रन किया जाएगा। मुख्य पटरियों को जोड़ने का काम लगभग 60 प्रतिशत पूरा हो चुका है, जिसके बाद सिग्नलिंग और तकनीकी जांच की प्रक्रिया शुरू होगी। अगस्त तक इस रूट पर यात्री और मालगाड़ी सेवाएं शुरू होने की संभावना जताई जा रही है। स्टेशन पर यात्री सुविधाओं के विस्तार के तहत प्लेटफार्म निर्माण, पेयजल, बैठने की व्यवस्था और छांव जैसी सुविधाएं विकसित की जा रही हैं, ताकि यात्रियों को बेहतर सुविधा मिल सके। प्रशासनिक अधिकारियों के अनुसार निर्माण कार्य निर्धारित समय में पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है, ताकि जल्द से जल्द जनता को इस बहुप्रतीक्षित रेल सेवा का लाभ मिल सके।

## जुलाई तक गुड्स टर्मिनल पूरा होने की उम्मीद, आएगी 70 करोड़ की लागत

### यात्रियों और उद्योगों को मिलेगा बड़ा लाभ

रेल सेवा शुरू होने से जिले के करीब 25 लाख लोगों को सस्ती और सुगम यात्रा की सुविधा मिलेगी। वर्तमान में सड़क मार्ग पर निर्भरता के कारण समय और खर्च दोनों अधिक लगते हैं, लेकिन रेल सेवा से यह बोझ कम होगा। छात्रों, नौकरीपेशा लोगों और व्यापारियों को इसका सीधा लाभ मिलेगा।



### रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे

रेललाइन से भविष्य में नए उद्योगों के विकास की भी संभावना बढ़ेगी। इससे क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी और रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात दबाव कम होने से दुर्घटनाओं में भी कमी आने की उम्मीद है।

### 543 करोड़ की परियोजना से आर्थिक विकास की उम्मीद

इस बड़ी रेललाइन परियोजना पर लगभग 543.93 करोड़ रुपये का निवेश किया जा रहा है। साथ ही करीब 70 करोड़ रुपये की लागत से गुड्स टर्मिनल का निर्माण भी प्रगति पर है, जो 30 प्रतिशत से अधिक पूरा हो चुका है। इसे जुलाई के अंतिम सप्ताह तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। गुड्स टर्मिनल शुरू होने के बाद धमतरी के धान व्यापार और अन्य कृषि उत्पादों के परिवहन को बड़ी सुविधा मिलेगी। व्यापारी अब सड़क मार्ग पर निर्भर नहीं रहेंगे, जिससे समय और लागत दोनों में कमी आएगी।

## जिला केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट्स एसोसिएशन ने पीएम के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा

# ऑनलाइन दवा बिक्री के विरोध में जिलेभर के मेडिकल स्टोर बंद रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

ऑनलाइन माध्यम से हो रही दवाओं की बिक्री के विरोध में बुधवार को जिले के मेडिकल स्टोर संचालकों ने एक दिवसीय सांकेतिक बंद रखा। शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक अधिकांश मेडिकल स्टोर बंद रहे। धमतरी जिला केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट्स एसोसिएशन ने प्रधानमंत्री के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर ऑनलाइन दवा बिक्री पर तत्काल रोक लगाने की मांग की।

संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि लंबे समय से शासन और संबंधित विभागों से शिकायत करने के बावजूद ऑनलाइन दवा बिक्री पर प्रभावी कार्रवाई नहीं हो रही है। इसके विरोध में यह आंदोलन किया गया। उनका कहना है कि बिना उचित निगरानी के दवाओं की बिक्री मरीजों के स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा बनती जा रही है।

संघ ने कहा कि दवाओं पर भारी छूट देकर ग्राहकों को आकर्षित किया जा रहा है, जबकि दवा बिक्री एक संवेदनशील विषय है और इसमें सख्त नियमों का पालन जरूरी है। ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट 1940 एवं नियम 1945 में ऑनलाइन दवा बिक्री का कोई स्पष्ट प्रावधान नहीं होने के बावजूद कई कंपनियां कारोबार कर रही हैं। कोविड काल के दौरान दी गई अस्थायी छूटों का भी वर्तमान में गलत उपयोग किया जा रहा है।

संघ के संरक्षक मनीष चंद्राकर, अध्यक्ष राजेश साहू, सचिव सतराम वासानी और कोषाध्यक्ष नीरज किरण ने बताया कि बंद को जिलेभर में व्यापक समर्थन मिला। शहर के लगभग 100 और ग्रामीण क्षेत्रों के करीब 500 मेडिकल स्टोर बंद रहे। हालांकि मरीजों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए अस्पताल और नर्सिंग होम के भीतर संचालित मेडिकल स्टोरों को बंद से अलग रखा गया था। जन औषधि केंद्र सामान्य रूप से खुले रहे।

संघ ने केंद्र सरकार से मांग की है कि अवैध ऑनलाइन दवा बिक्री पर तत्काल रोक लगाई जाए तथा छोटे दवा व्यापारियों को संरक्षण दिया जाए। ज्ञापन सौंपने के दौरान संघ के कई पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित रहे। पदाधिकारियों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो आने वाले समय में आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा।







### फर्जी प्रिस्क्रिप्शन और होम डिलीवरी पर जताई चिंता

ज्ञापन में बताया गया कि कई ऑनलाइन कंपनियां बिना वैध चिकित्सकीय परामर्श के दवाओं की घर-घर सप्लाई कर रही हैं। फर्जी ई-प्रिस्क्रिप्शन के जरिए भी दवाएं बेची जा रही हैं, जिससे मरीजों की सुरक्षा खतरे में पड़ सकती है।

### जिलेभर के दवा व्यापारियों ने किया समर्थन

ऑल इंडिया ऑर्गेनाइजेशन ऑफ केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स तथा छत्तीसगढ़ राज्य केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट्स एसोसिएशन के आह्वान पर जिले के सभी दवा विक्रेताओं ने आंदोलन में भाग लिया।

### छोटे केमिस्टों के हितों की सुरक्षा की मांग

दवा व्यापारियों का कहना है कि ऑनलाइन कंपनियों की बढ़ती गतिविधियों से छोटे और लाइसेंसधारी केमिस्टों का व्यवसाय प्रभावित हो रहा है। वर्षों से नियमों का पालन कर व्यापार करने वाले छोटे दुकानदार आर्थिक संकट का सामना कर रहे हैं।

# योग में उत्कृष्ट योगदान पर रूचि सम्मानित






- राज्यपाल रमेन डेका ने 10 हजार रुपए का चेक देकर बढ़ाया उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

योग के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाली 15 वर्षीय रूचि साहू को छग राज्यपाल रमेन डेका ने लोकभवन रायपुर में आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित किया। समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले गुमनाम नायकों के सम्मान समारोह में रूचि साहू को राजकीय गमछा पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। राज्यपाल ने स्वेच्छानुदान मद से 10 हजार रुपये का चेक प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में ऐसा कार्य अवश्य करना चाहिए, जिससे समाज को लाभ पहुंचे। उन्होंने कहा कि कम उम्र में योग को अपनाकर दूसरों को प्रेरित करना रूचि साहू का सराहनीय प्रयास है। रूचि साहू ने योग के महत्व पर अपने विचार रखते हुए कहा कि वह पिछले सात वर्षों से नियमित योग कर रही हैं। उन्होंने कहा कि आज के प्रदूषित वातावरण और मिलावटी खानपान के दौर में शरीर और मन को स्वस्थ रखने के लिए योग और ध्यान बेहद आवश्यक है। उन्होंने लोगों से नियमित योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करने की अपील भी की।

## शहरी विद्युतीकरण योजना से बदलेगी तस्वीर, 1.52 करोड़ की स्वीकृति

- धमतरी प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने दी बड़ी सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने धमतरी प्रवास के दौरान महापौर रामू रोहरा की तीन प्रमुख मांगों को पूरा करने पर सहमति जताकर शहरवासियों को बड़ी राहत दी।

महापौर रामू रोहरा ने बताया कि पहले मुख्यमंत्री शहरी विद्युतीकरण योजना के तहत धमतरी को पर्याप्त राशि नहीं मिल पाती थी, जिससे कई वार्डों में बिजली विस्तार और सुधार कार्य प्रभावित होते थे। लेकिन मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के विशेष सहयोग और नगर निगम के लगातार प्रयास के कारण अब तक करीब 9 करोड़ रुपये की स्वीकृति मिल चुकी है।

पिछले वर्ष मुख्यमंत्री शहरी विद्युतीकरण योजना के तहत 2 करोड़ रुपये स्वीकृत हुए थे। इसके अलावा 33 केवीए फीडर निर्माण के लिए 6 करोड़ रुपये की बड़ी राशि प्रदान की गई। वहीं इस वर्ष भी योजना के तहत 1 करोड़ 52 लाख रुपये की मंजूरी मिली है।

### वार्डों में होंगे नए विद्युतीकरण कार्य

महापौर ने बताया कि स्वीकृत राशि से शहर के विभिन्न वार्डों में विद्युत व्यवस्था को मजबूत किया जाएगा। इसके अंतर्गत नए विद्युत पोल लगाए जाएंगे, जर्जर तारों को बदला जाएगा, नई केबल लाइन बिछाई जाएगी तथा कई क्षेत्रों में स्ट्रीट लाइट व्यवस्था का विस्तार किया जाएगा।

### विकास का नया आयाम

महापौर रामू रोहरा ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य सरकार धमतरी के विकास को लेकर पूरी गंभीरता से कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में धमतरी लगातार विकास का नया आयाम स्थापित कर रहा है।

## 46 करोड़ की सड़क परियोजनाओं का पीडब्ल्यूडी सचिव ने किया निरीक्षण

- कुरुद-सिर्री मार्ग का चौड़ीकरण फरवरी 2027 तक पूरा करने का लक्ष्य
- सड़क परियोजनाओं की गुणवत्ता से समझौता नहीं होगा : बंसल

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

प्रदेश में सड़क अधोसंरचना को मजबूत और सुरक्षित बनाने की दिशा में लोक निर्माण विभाग द्वारा तेजी से कार्य किए जा रहे हैं। इसी क्रम में लोक निर्माण विभाग के सचिव मुकेश कुमार बंसल ने धमतरी जिले में निर्माणाधीन एवं प्रस्तावित सड़क परियोजनाओं का मैदानी निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को दो टूक निर्देश दिए कि सभी कार्य उच्च गुणवत्ता के साथ और निर्धारित समय-सीमा के भीतर अनिवार्य रूप से पूर्ण किए जाएं। इसमें किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस उच्च स्तरीय निरीक्षण के दौरान कलेक्टर अबिनाश मिश्रा, लोक निर्माण विभाग के प्रमुख अभियंता वी.के. भतपहरी, एसडीएम नभसिंह कोसले, पीडब्ल्यूडी एसडीओ आर.के. शुक्ला सहित विभाग के मैदानी अधिकारी-कर्मचारी एवं संबंधित ठेकेदार मुख्य रूप से उपस्थित थे।



### 30.38 करोड़ की लागत से सुधरेगी कुरुद-सिर्री मार्ग की सूरत

निरीक्षण के दौरान श्री बंसल ने कुरुद-चरमुड़िया-गोबरा-सिवनी-चिंवरी-सिर्री मार्ग के चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य का जायजा लिया। लगभग 30 करोड़ 38 लाख रुपए की लागत से निर्मित हो रही 9.3 किलोमीटर लंबी इस सड़क परियोजना को फरवरी 2027 तक पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सड़क की गुणवत्ता, निर्माण सामग्री तथा सुरक्षा मानकों की जानकारी लेते हुए कार्य में तेजी लाने को कहा।

### ग्रामीण संपर्क व्यवस्था को मजबूत करने पर विशेष ध्यान

सचिव बंसल ने सिर्री-फुसेरा-करगा-चटौद मार्ग चौड़ीकरण कार्य का भी गंभीरता से अवलोकन किया। लगभग 15 करोड़ 53 लाख रुपए की लागत से 9.6 किलोमीटर लंबी इस सड़क का उन्नयन किया जा रहा है। उन्होंने निर्माण एजेंसी को काम की रफ्तार बढ़ाने तथा ग्रामीण क्षेत्रों की संपर्क व्यवस्था को मजबूत बनाने पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए ताकि ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा हो सके।

## डाकबंगला वार्ड में दूषित पानी पीने से दर्जनों की तबीयत बिगड़ी

- पार्षद ने कहा : 24 घंटे में साफ पानी नहीं मिला तो करेंगे नगर निगम का घेराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी





डाकबंगला वार्ड पीजी कालेज रोड साहूपारा मानस मंच एरिया में विगत 5 दिनों से दूषित पानी की सप्लाई हो रही है। पार्षद सुमन मेश्राम ने कहा कि 24 घंटे के अंदर अगर साफ पानी की सप्लाई शुरू नहीं हुई तो वार्ड की महिलाओं के साथ नगर निगम का घेराव करेंगी। उन्होंने बताया कि हालत बेहद खराब है। नलों से आ रहे मटमैले, बदबूदार पानी को पीने से लोग बीमार हो रहे हैं। जल विभाग में शिकायत करने के बाद भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो रही है। वार्डवासियों को अन्य जगह से पानी भरना पड़ रहा है। 2012-13 में दूषित पानी के सेवन दो व्यक्ति की मौत हुई थी। कई बच्चे, महिलाएं उल्टी दस्त के कारण हॉस्पिटल में भर्ती है। पार्षद ने आगे कहा कि वार्ड में कोई गंभीर बीमारी फैलती है तो इसकी संपूर्ण जिम्मेदारी निगम प्रशासन की होगी।

## महासंघ का प्रतिनिधि मंडल पंजीयक एवं अपर पंजीयक से मिला





**पुरी।** छत्तीसगढ़ सहकारी समिति कर्मचारी महासंघ रायपुर के प्रतिनिधि मंडल ने पंजीयक एवं अपर पंजीयक सहकारी संस्थाएं से इंद्रावती भवन रायपुर में भेंट की एवं लंबित मांगों की पूर्ति के लिए लिखित में मांग पत्र सौंपा। इस अवसर पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष गोविंद मिश्रा जांजगीर, कोषाध्यक्ष जागेश्वर प्रसाद दुर्ग उपस्थित थे। यह जानकारी नरेंद्र कुमार साहू प्रदेश अध्यक्ष धमतरी ने दी।










